मीठी मीठी मेरे सांवरे की मुरली बाजे

मीठी मीठी मेरे सांवरे की मुरली बाजे,
होकर श्याम की दीवानी राधा रानी नाचे

छोटो सो कन्हैयो मेरो बांसुरी बजावे
यमुना किनारे देखो रास रचावे
पकड़ी राधे जी की बइयाँ
देखो घूमर घाले
होकर श्याम की दीवानी राधा रानी नाचे

छम छम बाजे देखो राधे की पैजनियाँ
नाचे रे कन्हैयो मेरो छोड़ के मुरलिया
राधे संग में नैन लड़ावे
नाचे सागे सागे
होकर श्याम की दीवानी राधा रानी नाचे

मीठी मीठी मेरे सांवरे की मुरली बाजे,
होकर श्याम की दीवानी राधा रानी नाचे

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/785/title/meethi-meethi-mere-saanware-ki-murali-baaje-hokar-shyam-ki-deewani-radha-rani-naache

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |